11 जुलाई, 2020 के मुख्य हिंदी करेंट अफेयर्स प्रश्न-उत्तर

प्रश्न- हाल ही में सुर्ख़ियों में रहा भाषण चार द्वीप (Bhashan Char Island) किस देश से संबंधित है?

बांग्लादेश

दरअसल, कुछ समय पूर्व बांग्लादेश सरकार ने इस द्वीप पर रोहिंग्या शरणार्थियों के लिये निवास-स्थान का प्रस्ताव दिया था। जिसके चलते बांग्लादेश सरकार रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाने के लिए बंगाल की खाड़ी में 'भाषण चार द्वीप' को पूरी तरह विकसित कर रही है।

भाषण चार द्वीप को 'थेंगार चार द्वीप' (Thengar Char Island) या चार पिया (Char Piya) के रूप में भी जाना जाता है। दो दशक पूर्व बंगाल की खाड़ी में मेघना (Meghna) नदी के मुहाने पर हिमालयन गाद से बना यह द्वीप 40 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यह निर्जन द्वीप दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश में हतिया द्वीप (Hatiya Island) से क़रीब 30 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। ग़ौरतलब है कि यह द्वीप कटाव एवं चक्रवात के कारण पारिस्थितिक रूप से अतिसंवेदनशील क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

www.knowledgesagar.com

प्रश्न- 11 जुलाई, 2020 को कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया?

विश्व जनसंख्या दिवस (World Population Day)

हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस (World Population Day 2020) मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या को रोकने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करना है। विश्व जनसंख्या दिवस मनाने की शुरुआत 11 जुलाई 1989 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की संचालक परिषद द्वारा हुई थी और पहली बार विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई, 1990 को 90 से अधिक देशों में मनाया गया।

इस वर्ष इस दिवस का विषय (Theme) था- "अब महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य और अधिकारों की रक्षा कैसे करें" (How to safeguard the health and rights of women and girls now) ।

वर्तमान में भारत, चीन समेत कई विकासशील देशों के लिए बढ़ती जनसंख्या चिंता का गंभीर विषय है। ध्यातव्य है कि भारत और चीन विश्व के सबसे ज़्यादा जनसंख्या वाले देश हैं। भारत की जनसंख्या इस समय 138 करोड़ के करीब है।

बढ़ती जनसंख्या के कारन विश्व की एक बड़ी आबादी आज भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत मूल सुविधाओं से दूर है।

प्रश्न- 'भारत वैश्विक सप्ताह 2020' (India Global Week 2020) सम्मेलन का विषय (Theme) क्या था?

‘#बी द रिवाइवल : इंडिया & ए बेटर न्यू वर्ल्ड’ (‘#BeTheRevival: India & A Better New World’)

9 जुलाई, 2020 को ‘भारत वैश्विक सप्ताह 2020’ (India Global Week 2020) लंदन में शुरू हुआ। इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत की व्यापार एवं विदेशी निवेश प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करना और सामरिक एवं सांस्कृतिक अवसरों का पता लगाना एवं इन क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों को समझना एवं उचित निर्णय लेना है।

इस कार्यक्रम का आयोजन यूके स्थित मीडिया हाउस ‘इंडिया इंक समूह’ (India Inc. Group) द्वारा वार्षिक तौर पर किया जाता है।

प्रश्न- आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रेश वाटर एक्वाकल्चर (ICAR-Central Institute of Freshwater Aquaculture) ने 10 जुलाई, 2020 को कौन-सा दिवस मनाया?

‘नेशनल फिश फार्मर्स डे’ (National Fish Farmers Day)

यह ‘नेशनल फिश फार्मर्स डे’ (National Fish Farmers Day) का 17 वाँ संस्करण था। इस दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मत्स्यपालन विकास बोर्ड (National Fisheries Development Board- NFDB) के सहयोग से मत्स्य विभाग द्वारा एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इसके अलावा इस अवसर पर ‘राष्ट्र के मछली पालकों के लिये कृतज्ञतापूर्ण आभार’ (Gratitudinal Tribute to Fish Farmers of The Nation) विषय पर एक ऑनलाइन कविता एवं पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

ग़ौरतलब है कि वैज्ञानिक डॉ. के.एच. अलीकुन्ही (Dr K.H. Alikunhi) और डॉ. एच.एल. चौधरी (Dr. H.L. Chaudhury) ने 10 जुलाई, 1957 को "प्रेरित प्रजनन तकनीक" (Induced Breeding Technology) का आविष्कार किया था।

प्रश्न- 10 जुलाई, 2020 को भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (Ministry of Skill Development and Entrepreneurship) द्वारा लॉन्च असीम (ASEEM) पोर्टल का पूर्ण रूप क्या है?

'आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी-नियोक्ता मानचित्रण (Aatamanirbhar Skilled Employee Employer Mapping - ASEEM)

इस पोर्टल का उद्देश्य असीम पोर्टल पर उपलब्ध डेटा का विश्लेषण करके नीति निर्धारण में सहायता प्रदान करना है।

मोबाइल ऐप के रूप में भी उपलब्ध इस पोर्टल को बंगलूरू स्थित कंपनी बेटरप्लेस (Betterplace) के सहयोग से राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (National Skill Development Corporation - NSDC) द्वारा विकसित एवं प्रबंधित किया गया है। यह पोर्टल NSDC और इससे संबंधित 'क्षेत्रीय कौशल परिषदों' (Sector Skill Councils) को 'रियल टाइम डेटा एनालिटिक्स' प्रदान करने में मदद करेगा।

प्रश्न- 10 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित 'रीवा सौर परियोजना' (Rewa Solar Project) की कुल सौर क्षमता है –

750 मेगावाट

इस परियोजना में एक सौर पार्क, जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 हेक्टेयर है, के अंदर स्थित 500 हेक्टेयर भूमि पर 250-250 मेगावाट की तीन सौर उत्पादन इकाइयाँ शामिल हैं।

'रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड' (Rewa Ultra Mega Solar Limited- RUMSL) द्वारा विकसित इस सौर पार्क के लिए भारत सरकार द्वारा 138 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद प्रदान की गई थी।

RUMSL 'मध्य प्रदेश उर्जा विकास निगम लिमिटेड' (Madhya Pradesh UrjaVikas Nigam Limited- MPUVN) और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई 'सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया' (Solar Energy Corporation of India- SECI) की संयुक्त उद्यम कंपनी है। यह एशिया में सबसे बड़ा सोलर प्लांट है।

प्रश्न- भारत के साथ जारी तनातनी के बीच हाल ही में किस देश के केबल ऑपरेटर्स ने अपने देश में दूरदर्शन को छोड़कर अन्य सभी भारतीय निजी न्यूज़ चैनलों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया है?

नेपाल

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नेपाल ने दूरदर्शन को छोड़कर अन्य सभी भारतीय समाचार चैनलों का प्रसारण बंद कर दिया है। नेपाल के मुताबिक़ भारतीय न्यूज़ चैनल्स ऐसी खबरें दिखा रहे हैं जिससे देश की राष्ट्रीय भावनाएं आहत हो रही हैं।

ग़ौरतलब है कि हाल ही में नेपाल द्वारा अपने नए नक्शे में कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा के इलाकों को अपने क्षेत्रों के रूप में दर्शाने कारण दोनों देशों के बीच तनाव चल रहा है।

प्रश्न- हाल ही में समाचारों में रहा 'यूलोफिया ओबटुसा' (Eulophia obtusa) क्या है?

एक दुर्लभ ऑर्किड प्रजाति

दरअसल, हाल ही में दुधवा टाइगर रिज़र्व (Dudhwa Tiger Reserve) में एक नियमित निरीक्षण के दौरान वन विशेषज्ञों ने एक दुर्लभ ऑर्किड प्रजाति, जिसे 'यूलोफिया ओबटुसा' (Eulophia obtusa) कहा जाता है, की पुनः खोज की है।

इस ऑर्किड प्रजाति को 'ग्राउंड ऑर्किड' (Ground Orchid) के रूप में भी जाना जाता है। इसे IUCN की रेड लिस्ट में 'गंभीर रूप से संकटग्रस्त' (Critically Endangered) श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। अपने विशाल आकार एवं टाइगर की त्वचा की तरह दिखने के कारण प्रसिद्ध इस प्रजाति को विशाल आर्किड, गन्ना ऑर्किड या 'ऑर्किड की रानी' भी कहा जाता है।

www.knowledgesagar.com

इसका वैज्ञानिक नाम 'ग्राम्माटोफाइलम स्पेसिओसम' (Grammatophyllum Speciosum) है। इस प्रजाति को मूल रूप से 19 वीं शताब्दी में उत्तराखंड में खोजा गया था।

----------oooooooooooooooooo----------

www.knowledgesagar.com